प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'आठ'

[17/7/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 200]

प्रपत्र ''अ''

वर्ग 1 :– सदन में उत्तर देने का दिनांक 17.07.2017 विभाग का नाम : लोक निर्माण विभाग

विषय :– माही नदी पर केलकच्छ खीरपुर मार्ग पर पुलिया निर्माण।

(अतारांकित प्रश्न क्रमांक 200) श्रीमती संगीता चारेल।

क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

प्रश्न	उत्तर
प्रश्न (क) सैलाना विधानसभा क्षेत्र के बाजना विकासखण्ड के केलकच्छ खीरपुर मार्ग माही नदी पर पुलिया निर्माण के लिए वर्ष 2012–13 तक जनप्रतिनिधियों द्वारा कितने मांग पत्र दिये गए।	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इकाई रतलाम के अंतर्गत बाजना विकासखण्ड के केलकच्छ खीरपुर मार्ग माही नदी पर पुलिया निर्माण के लिए वर्ष 2012–13 तक जनप्रतिनिधियों से कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। दिनांक 07.03.2017 को श्री नारायण मईडा सदस्य जिला पंचायत रतलाम द्वारा कलेक्टर महोदय रतलाम को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके तारतम्य में उन्हे इस कार्यालय के पत्र पृष्ठाकंन क्र. 477 दिनांक 16.03.2017 द्वारा अवगत कराया जा चुका है।
प्रश्न (ख) प्रश्न (क) के संदर्भ में दिये गए मांग पत्रों पर क्या कार्यवाही की गई। उक्त पुलिया निर्माण के संबंध में क्या विभाग ने सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया है।	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पी.एम.जी.एस.वाई.–II में अड़वानिया चन्द्रगढ़ रोड़ से बाजना बासवाड़ा (मांदलिया) मार्ग को शामिल किया गया है। इसी मार्ग के बीच में माही नदी आ रही है। माही नदी पर पुल बनाने के लिये अलग से डी.पी.आर. बनाई जावेगी। डी.पी.आर. बनाने के लिये एजेन्सी निर्धारण का कार्य मुख्यालय स्तर पर प्रगति पर है।
प्रश्न (ग) यदि सर्वे कार्य पूर्ण हो गया है, तो इसका कार्य किस स्तर तक लंबित है तथा इसे कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा।	ब्रिज डी.पी.आर. पृथक से बनाये जाने के लिये एजेन्सी निर्धारण का कार्य किया जा रहा है। डी.पी.आर. बनने के पश्चात् भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत ही कार्यवाही प्रारंभ की जा सकेगी।